भा.श्री.अनु.सं.

क्रम सं. 234 अप्रैल, 2023

# श्री अन्न
## समाचार पत्र

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research

हैदराबाद * सोलापुर * वरंगल




भाकृअनुप—भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्र नगर, हैदराबाद - 500 030, तेलंगाना, भारत

### भाश्रीअनुसं, हैदराबाद : महर्षि के लिए नया सचिवालय

भासअनुसं, वाराणसी द्वारा 17-19 अप्रैल, 2023 के दौरान ताज होटल में जी20 सभा में कृषि के मुख्य वैज्ञानिकों (एमएसीएस) की बैठक आयोजित की गई। इस तीन दिवसीय कृषि के प्रमुख वैज्ञानिकों की बैठक में विश्व के 20 अग्रणी देशों तथा अन्य भागीदार देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन के पहले दिन इस ग्रह व स्वस्थ लोगों के लिए सतत कृषि-खाद्य प्रणाली पर बैठक हुई। पहले सत्र का विषय "खाद्य सुरक्षा और पोषण : विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार की भूमिका", जबकि दूसरे सत्र का विषय "लचीली कृषि-खाद्य प्रणाली" था। दूसरे दिन "कृषि अनुसंधान और विकास में सार्वजनिक निजी भागीदारी : विकसित और विकासशील देशों का परिप्रेक्ष्य" तथा "डिजिटल कृषि और सतत कृषि मूल्य शृंखला" नामक दोनों सत्रों में गहन चर्चा की गई।




जी20 बैठक में महर्षि पहल अर्थात "श्री अन्न तथा अन्य प्राचीन अनाज पर अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पहल" शामिल थी। यह अंतर्राष्ट्रीय पहल श्री अन्न के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष 2023 के साथ-साथ अनुसंधान एवं जागरूकता, कृषि-जैव विविधता, खाद्य सुरक्षा तथा पोषण पर ध्यान केंद्रित करेगी। इन क्षेत्रों में, विज्ञान-आधारित प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष समाधानों को साझा करने में सहायता करने के लिए जी20 देशों के एक साथ आने के विकल्पों का पता लगाया जाएगा। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने कृषि के प्रमुख वैज्ञानिकों की बैठक में महर्षि पहल के अंतर्गत श्री अन्न संबंधी विषयों पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा सभी जी20 देशों, अन्य भाग लेने वाले देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया।

### जी20 - वाराणसी में भाश्रीअनुसं स्टाल

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के द्वारा श्री अन्न पर नवीनतम उत्पादन तथा प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिए एक स्टाल लगाया गया। श्री अन्न के कुछ मूल्य वर्धित उत्पाद आस्वादन के लिए दिए गए, जिसमें जी20 देशों की कई प्रतिष्ठित लोगों को विविध जानकारी मिली और उन्होंने आगे विकास हेतु विचार-विमर्श किया। सभी नौ श्री अन्न के सजीव नमूनों के साथ श्री अन्न व्यंजनों की पुस्तकें भी प्रदर्शित की गईं। डॉ. हिमांशु पाठक, महानिदेशक, भाकृअनुप और डॉ. डी के यादव, सहायक महानिदेशक (बीज), भाकृअनुप सहित ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और यूरोपीय संघ शामिल जी20 देशों के विदेशी प्रतिनिधि तथा भाकृअनुप के अन्य उच्चाधिकारियों ने श्री अन्न स्टाल का दौरा किया।



## उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल का दौरा

**श्रीमती आनंदीबेन पटेल,** उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल ने 5 अप्रैल, 2023 को भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद का दौरा किया। प्रारंभ में डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने राज्यपाल का स्वागत किया,



तत्पश्चात मुख्य भवन के प्रवेश द्वार में श्रीमती आनंदीबेन के समक्ष श्री अन्न के सजीव नमूने तथा जननद्रव्य प्रदर्शित किए गए। निदेशक, भाश्रीअनुसं ने राज्यपाल को संस्थान की अनुसंधान प्राथमिकताओं एवं श्री अन्न फसल सुधार, मूल्य शृंखला और उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। श्रीमती आनंदीबेन ने, श्री अन्न मूल्य वर्धन पर उत्कृष्टता केंद्र में श्री अन्न के मूल्य वर्धित उत्पाद, न्यूट्रीहब में श्री अन्न हभागिताषकें मेंपर राजनंघ (एसएफएसी)के मूल्य वर्धित उत्पादों के विपणन व व्यावसायीकरण हेतु देश में श्री अन्न उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए एकल खिड़की समाधान, श्री अन्न खाद्य प्रसंस्करण प्रयोगशालाएं और मशीनें शामिल भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं में उपलब्ध सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का अवलोकन किया।

राज्यपाल के साथ वैज्ञानिकों के संवाद सत्र के दौरान डॉ. तारा सत्यवती ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की उपलब्धियों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी। राज्यपाल ने विश्वभर में पौष्टिक व स्वस्थ खाद्य के रूप में श्री अन्न को प्रस्तुत करने हेतु भारत के योगदान पर बल दिया तथा वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे और ज्यादा मूल्यवर्धन एवं विविध प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वैश्विक बाजार में श्री अन्न का प्रदर्शन करें। उन्होंने श्री अन्न के मांग निर्माण हेतु भाश्रीअनुसं में निर्मित 'खाने को तैयार' तथा 'पकाने को तैयार' विविध खाद्य उत्पादों के आलावा श्री अन्न के कई और उत्पादों को पेश करने में उद्यमियों व नवोद्यमियों के योगदान की भी सराहना की।

## पंचवार्षिक समीक्षा दल की बैठक

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद एवं ज्वार व लघु श्री अन्न पर अभासअनुप के द्वारा 2019 से 2023 तक पाँच वर्ष की अवधि के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) ने पंचवर्षीय समीक्षा दल (पंसद) का गठन किया। डॉ. एस एल मेहता, पूर्व कुलपति (महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर) की अध्यक्षता में नए पंसद का गठन किया गया। पंसद के अन्य सदस्य - डॉ. के गणेशमूर्ति, पूर्व निदेशक, पादप प्रजनन तथा आनुवंशिक केंद्र, टीएनएयू, कोयम्बटूर; डॉ. ओ पी गोविल, पूर्व परियोजना समन्वयक, बाजरा पर अभासअनुप; डॉ.



प्रभाकर, पूर्व परियोजना समन्वयक, लघु श्री अन्न पर अभासअनुप, बेंगलुरु; डॉ. एस एस माने, अनुदेश निदेशक व कृषि संकाय के डीन, डॉ. पीडीकेवी, अकोला; डॉ. एन के बाजपेयी, निदेशक विस्तार, बीयूएटी, बांदा; तथा डॉ. एम एलंगोवन, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं सदस्य-सचिव, हैदराबाद हैं। डॉ. एस एल मेहता की अध्यक्षता में पंसद 2019-23 की पहली व प्रारंभिक बैठक भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान (भाश्रीअनुसं), हैदराबाद में 12 अप्रैल, 2023 को आयोजित की गई, जिसमें पंसद के अन्य सभी सदस्यों ने भाग लिया। प्रारंभ में, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की निदेशक डॉ. सी तारा सत्यवती एवं अन्य वैज्ञानिकों ने पंसद का स्वागत किया। डॉ. सी तारा सत्यवती ने भाश्रीअनुसं की 2018-19 से 2022-23 अवधि की प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। पंसद के नए बोर्ड के सदस्यों ने वैज्ञानिकों के साथ चर्चाएं की और भावी कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया, जिसमें ज्वार और लघु श्री अन्न केंद्रों पर अभासअनुप के 5 समूह के साथ 5 बैठकें आयोजित करना शामिल था।

## लघु श्री अन्न के नेटवर्क परियोजना पर गहन विचार-विमर्श बैठक

लघु श्री अन्न पर नेटवर्क परियोजना की चौथी गहन विचार विमर्श बैठक 24 अप्रैल 2023 को आभासी रूप में आयोजित की

गई। डॉ. एम एलंगोवन ने सभी परियोजना भागीदारों और जैप्रौवि (डीबीटी) इंडिया के डॉ. संजय कालिया का स्वागत किया। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने बैठक की अध्यक्षता की और परियोजना के बारे में प्रारंभिक टिप्पणी प्रस्तुत की। डॉ. एम एलांगोवन ने जैप्रौवि के समक्ष "खाद्य एवं पोषण सुरक्षा बढ़ाने के लिए लघु श्री अन्न के लक्षण-वर्णन, मूल्यांकन, आनुवंशिक वृद्धि तथा जीनोमिक संसाधनों के सृजन" पर नेटवर्क अनुसंधान परियोजना के प्रस्ताव (परियोजना का व्यापक उद्देश्य और गतिविधियां, शामिल भागीदार तथा परियोजना में भूमिका) पर सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने उप-परियोजना 1 - "लघु श्री अन्न के आनुवंशिक संसाधनों के कृषि-आकारिकी लक्षण वर्णन एवं मूल्यांकन" पर भी प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, भाकृअनुप-रापाआसंब्यू, इक्रिसेट, रापाजीअनुसं तथा जैप्रौवि के 12 प्रतिभागी शामिल हुए। परियोजना को पुनर्जीवित करने और प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## पूर्व वासाबै 2023 : ज्वार तथा लघु श्री अन्न केंद्रों पर अभासअनुप शोध की समीक्षा

ज्वार व लघु श्री अन्न पर अभासअनुप समूह की क्रमशः 53वीं और 34वीं आगामी वार्षिक बैठक के हिस्से के रूप में 25-26 अप्रैल 2023 के दौरान आभासी रूप में ज्वार व लघु श्री अन्न पर अभासअनुप के समन्वयको के द्वारा वैज्ञानिक लेखा परीक्षा प्रस्तुतीकरण के आधार पर अनुसंधान की समीक्षा की गई। सत्र की शुरुआत डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक और परियोजना समन्वयक ज्वार व लघु श्री अन्न के द्वारा स्वागत और प्रारंभिक टिप्पणियों के साथ हुई। सत्र की अध्यक्षता डॉ. एस के प्रधान, सहायक महानिदेशक (खाद्य एवं चारा फसल), भाकृअनुप और सह-अध्यक्षता डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने की। डॉ. चेन्नबैरेगौड़ा, परियोजना सलाहकार निगरानी समिति (पीएएमसी) के अध्यक्ष और पूर्व परियोजना समन्वयक (लघु श्री अन्न) तथा अन्य सदस्यों, जैसे - डॉ. एच एस तलवार, प्रधान वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त), भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं; डॉ. एस एस माने (पादप रोगविज्ञान), डीन, कृषि संकाय, डॉ. पीडीकेवी-अकोला; डॉ. जे वी एन एस प्रसाद, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि विज्ञान), भाकृअनुप-क्रीडा; तथा डॉ. जेल्ला सत्यनारायण, डीन (छात्र मामले), कीटविज्ञानी, प्रोजतेराकृविवि ने ज्वार और लघु श्री अन्न केंद्रों पर संबंधित अभासअनुप द्वारा की गई प्रगति और उपलब्धियों का अनुवीक्षण किया। ज्वार पर अभासअनुप के प्रभारी अधिकारी/वरिष्ठ प्रजनकों अर्थात अकोला - डॉ. वी वी कालपांडे, कोयंबतूर - डॉ. चंद्रकला, सूरत - डॉ. भरत के दावड़ा, डीसा - डॉ. आर ए गामी, इंदौर - डॉ. निशा सप्रे, पालेम - डॉ. एस महेश्वरम्मा, नंद्याल - डॉ. ईशा परवीन, उदयपुर - डॉ. हेमलता शर्मा, चामराजनगर - डॉ. सोमू जी, धारवाड़ - डॉ. एन जी हनमारटट्टी, परभणी - डॉ. एल एन जावले, राहुरी - डॉ. यू के कदम, विजयपुरा - डॉ. करभंतनाल, हगरी - डॉ. जी गिरीश, तांडुर - डॉ. के सुजाता, हिसार - डॉ. पम्मी कुमारी, एवं पंतनगर - डॉ. योगेन्द्र सिंह ने प्रस्तुतीकरण दिया। लघु श्री अन्न पर अभासअनुप के प्रभारी अधिकारी/वरिष्ठ प्रजनकों जैसे, बरहमपुर - डॉ. पी एम महापात्रा, डिंडोरी - डॉ. मनीषा श्याम, धोली - डॉ. स्वेता मिश्र, जगदलपुर - डॉ. प्रफुल कुमार, कोल्हापुर - डॉ. योगेश बान, मांड्या - डॉ. सी ए दीपक, बेंगलुरु - डॉ. टी ई नागराजा, नंद्याल - डॉ. आर नरसिम्हलु, विजयनगरम - डॉ. एन अनुराधा, रांची - डॉ. अरुण कुमार, रानीचौरी - डॉ. लक्ष्मी रावत, अथियांडल - डॉ. वैथियालिंगम और वाघई - डॉ. हर्षल एकनाथ पाटिल ने प्रस्तुतियां दीं। विषय-विशेषज्ञों, परियोजना समन्वयक तथा विषयों के प्रमुख अन्वेषकों के द्वारा ज्वार व लघु श्री अन्न उपलब्धियों का लेखा परीक्षण किया गया एवं उपयुक्त सुझाव दिए गए।

## किप्रप के अंतर्गत श्री अन्न पर प्रक्षेत्र दिवस

रबी मौसम के दौरान किसान प्रथम परियोजना के अंतर्गत तेलंगाना राज्य के संगारेड्डी ज़िले में थाटपल्ली और चल्की गांवों में 5 अप्रैल, 2023 को श्री अन्न पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बागवानी मॉड्यूल के अंतर्गत रबी ज्वार तथा चारा ज्वार एवं शाकवाटिका की निगरानी करना और किसानों का मार्गदर्शन करना था। उपरोक्त गांवों में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं से किप्रप के सुश्री स्पंदिता, वरि.शो.अ., सुश्री मेघना, प्र.स., श्री भगत, प्र.स., किप्रप पदाधिकारी शामिल परियोजना दल के द्वारा कुल 10 परीक्षण क्षेत्रों का दौरा किया गया। इसकी शुरुआत थाटपल्ली गांव में आयोजित रबी ज्वार परीक्षण दौरे के साथ हुई, जहां मार्च, 2023 के तीसरे सप्ताह में भारी वर्षा के कारण रबी ज्वार की फसल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। अधिकांश प्रक्षेत्र परीक्षण कटाई अवस्था में थे एवं तेज हवा और वर्षा से फसल गिर गई एवं किसानों को अत्यधिक क्षति का सामना करना पड़ा। फसल में नुकसान के बावजूद, किसानों ने फसल वृद्धि और बड़े आकार के पुष्पगुच्छ, फलस्वरूप अच्छी उपज के संदर्भ में संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि फसल को सुखाकर चारे के साथ काटा जाता है। चारा ज्वार परीक्षणों के मामले में, किसानों ने चारे की दो कटाई की और उपज से संतुष्ट थे। तत्पश्चात, श्री राजेश और श्री संगमेश के शाकवाटिका परीक्षण का दौरा किया गया और पाया कि उन्होंने अच्छी तरह खेती की और पत्तेदार सब्जियां, टमाटर व बैंगन की फसल ली। किसानों ने बताया कि सब्जियों की गुणता अच्छी थी। यह कार्यक्रम किसान प्रथम परियोजना के प्रधान अन्वेषक - डॉ. राजेन्द्र आर चापके, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

### विश्व बौद्धिक संपदा दिवस समारोह



भाकृअनुप- भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर 27 अप्रैल 2023 को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2023 का विषय "महिला और बौद्धिक संपदा : त्वरित नवाचार और सृजनात्मकता" है, जिसका उद्देश्य नवाचार व सृजनात्मकता को आगे बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देना है। संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन एकक (आईटीएमयू) के नोडल अधिकारी, डॉ. जे स्टेनली ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और अतिथि वक्ता डॉ. आर कल्पना शास्त्री, प्रबंध निदेशक, एग्रीहब, प्रो. जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद एवं भूतपूर्व संयुक्त निदेशक, भाकृअनुप-राकृअनुप्रअ का परिचय दिया। डॉ. जी श्याम प्रसाद, प्रभारी निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने अपनी अध्यक्षीय टिप्पणी दी। डॉ. आर कल्पना शास्त्री ने "कृषि क्षेत्र में नवाचार व उद्यम निर्माण" पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने बौद्धिक संपदा संरक्षण और प्रबंधन तथा विज्ञान में महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विशेषज्ञ के साथ परस्पर वार्ता सत्र का आयोजन हुआ। उक्त व्याख्यान से लगभग 40 कार्मिक लाभान्वित हुए। आईटीएमयू की सह-नोडल अधिकारी डॉ. अनुराधा नरेला ने व्याख्याता एवं समारोह में उपस्थित सभी कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### "नवोद्यम उज्ज्वलन : श्री अन्न क्षेत्र में सुअवसर" पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान ने 28 अप्रैल 2023 को न्यूट्रीहब में "नवोद्यम उज्ज्वलन : श्री अन्न क्षेत्र में सुअवसर" नामक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शृंखला का आयोजन किया। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि क्षेत्र से पेशेवर, छात्र, गृहिणियां, 12 राज्यों के वर्तमान एवं भावी उद्यमी शामिल कुल 23 लोगों ने भाग लिया। डॉ. बी दयाकर राव, मुकाअधि, न्यूट्रीहब, भाश्रीअनुसं ने श्री अन्न उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मूल्य-वर्धन अनुभवों में न्यूट्रीहब तथा उद्यमिता के अवसरों और इसके प्रभाव पर सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। सहभागियों को भागीदारी प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। डॉ. वी रवि कुमार, तकनीकी अधिकारी और न्यूट्रीहब स्टाफ ने उक्त कार्यक्रम का समन्वय किया।

### "महिला उद्यमिता प्रोत्साहन" पर कार्यशाला

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने टीएस-एग्रो, एचडीएफसी बैंक, अक्षय पात्र फाउंडेशन और न्यूट्रीहब के सहयोग से 20 अप्रैल 2023 को न्यूट्रीहब, में "तेलंगाना राज्य में श्री अन्न मूल्य शृंखला हस्तक्षेप द्वारा महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। तेलंगाना के स्वयं सहायता समूहों से संबंधित लगभग 100 ग्रामीण महिलाओं ने इसमें भाग लिया। टीएस-एग्रो और अक्षय पात्र, एक धर्मार्थ संगठन, भाश्रीअनुसं के तकनीकी सहयोग और नाबार्ड से वित्तीय सहायता के साथ हैदराबाद जीएचएमसी क्षेत्र में श्री अन्न फूड कोर्ट के लगभग 10 आउटलेट और तेलंगाना में कुल 30, ज़िला मुख्यालय में एक-एक आउटलेट खोलने की योजना बना रहे हैं।

### कौशल विकास कार्यक्रम

बापट्ला एग्रो एंड फूड प्रॉसेसिंग सेंटर, रामन्नापलेम, पोन्नूर मंडल में 16 अप्रैल, 2023 को श्री अन्न तथा दालों के मूल्यवर्धन पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें लगभग 35 किसानों ने भाग लिया। डॉ. बी सुब्बारायुडु, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने श्री अन्न और इसकी खेती, पोषण एवं स्वास्थ्य लाभ, प्रसंस्करण तथा मूल्यवर्धन के संबंध में जानकारी प्रदान की।

### आजादी का अमृत महोत्सव

भारतीय श्री अन्न  अनुसंधान संस्थान में राज्य विशेषज्ञ (संसाधन व्यक्ति) योजना के अंतर्गत 21 अप्रैल, 2023 को "प्रतिस्पर्धा कानून एवं सार्वजनिक खरीद" पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रसन्न कुमार, पूर्व संयुक्त निदेशक, भारतीय प्रतिस्पर्धा कानून निगम (सीसीआई), हैदराबाद ने  व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में भाश्रीअनुसं-हैदराबाद के वैज्ञानिकों, तकनीकी और प्रशासनिक अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री के श्रीनिवास बाबू, वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने

आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत इस कार्यक्रम का समन्वयन किया।

### भाश्रीअनुसं, हैदराबाद दल का अचाअनुसं, वाराणसी दौरा

श्री अन्न पर अनुसंधान एवं विकास के लिए वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के अंतर्गत सभी हितधारकों के लिए अग्रिम सुविधाएं विकसित करने हेतु इनपुट प्राप्त करने के लिए, डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक और डॉ. राजेन्द्र आर चापके, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 19 अप्रैल, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई) दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईएसएआरसी), वाराणसी, का दौरा किया। उन्होंने आईआरआरआई स्टेशन के डीजी, केंद्र प्रमुख तथा संबंधित वैज्ञानिकों के साथ उनकी उन्नत सुविधाओं जैसे तीव्र प्रजनन, जीपीएस-आधारित चावल मानचित्रण, मूल्य-वर्धन अनुसंधान आदि के बारे में चर्चा की। इस यात्रा से अनुसंधान और विकास के उन्नत क्षेत्रों में आईआरआरआई के साथ सहयोग के अवसरों का पता लगाया गया।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान तथा रोटरी क्लब कृषि राजेन्द्रनगर, हैदराबाद ने 22 अप्रैल, 2023 को शंकर




आई हॉस्पिटल, लंगरहाउस, हैदराबाद के सहयोग से भाश्रीअनुसं के कर्मचारियों के लिए निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने उक्त निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। यह आद्योपांत समाधान कार्यक्रम था, शल्य चिकित्सा अपेक्षित 22 लोगों की जांच की गई, उन्हें 30 अप्रैल, 2023 को अस्पताल ले जाया गया तथा तथा निःशुल्क ऐनकों की भी व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम का समन्वय श्री के श्रीनिवास बाबू, वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं के द्वारा किया गया।

### पदोन्नति



परिषद के दिनांक 05 अप्रैल, 2023 के कार्यालय आदेश के अनुसार, श्री ए नरसिंह मूर्ति, वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी को मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी (सीएफएंडएओ) के रूप में अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नत किया गया। *संपूर्ण भाश्रीअनुसं परिवार इस पदोन्नति हेतु उन्हें हार्दिक बधाई देता है!*

### आगंतुक

#### तमिलनाडु से किसान

तमिलनाडु राज्य के करुनकुलम ब्लॉक, तूतीकोरिन ज़िले के तीन कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ सोलह किसानों ने अंतर्राज्यीय ज्ञानवर्धक दौरे के अंतर्गत तमिलनाडु में शुष्क भूमि कृषि में श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने के लिए 25 अप्रैल, 2023 को भाश्रीअनुसं का दौरा किया। आगंतुकों को श्री अन्न उत्पादन पहलुओं और भाश्रीअनुसं में श्री अन्न मूल्य शृंखला, न्यूट्रीहब गतिविधियों एवं श्री अन्न प्रसंस्करण इकाइयों सहित विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई, तत्पश्चात विभिन्न श्री अन्न तथा किस्मों के अवलोकनार्थ आगंतुकों ने प्रक्षेत्र दौरा किया। डॉ. अनुराधा नरेला, वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं ने इस संपूर्ण दौरे का समन्वय किया।

#### अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों का दौरा

डॉ. सुधांशु सिंह, निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (IRRI) और डॉ. उमा एस सिंह, एशिया तथा अफ्रीका अनुसंधान और भागीदारी सलाहकार ने 6 अप्रैल, 2023 को न्यूट्रीहब, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया।

## भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, न्यूट्रीहब में आगंतुक

**डॉ सुधीर महाजन,** सेवानिवृत्त आईएएस, मुख्य कार्यकारी और टीम, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, डॉ सीएस रेड्डी, सीईओ, एपीएमएएस, ने 12 अप्रैल, 2023 को दौरा किया।

**श्री अशोक के के मीणा**, आईएएस, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, भारतीय खाद्य निगम ने 13 अप्रैल, 2023 को दौरा किया।

नवीनतम श्री अन्न प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों पर अपने ज्ञानवर्धन हेतु कृषि विज्ञान केंद्र, सागरोली, महाराष्ट्र से तीन अधिकारियों के दल ने 20 अप्रैल 2023 को दौरा किया।

अक्षय पात्र फाउंडेशन के दल ने 20 अप्रैल 2023 को दौरा किया।

वरंगल के कृषि इनपुट डीलरों ने 24 अप्रैल 2023 को दौरा किया।

**श्री प्रदीप गांधी,** पूर्व सांसद, छत्तीसगढ़ सरकार ने 28 अप्रैल 2023 को दौरा किया।
उपरोक्त आगंतुकों को भाश्रीअनुसं में श्री अन्न मूल्य शृंखला, न्यूट्रीहब गतिविधियां शामिल श्री अन्न उत्पादन पहलुओं और विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

**आमंत्रित व्याख्यान**

**डॉ. सी तारा सत्यवती,** निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 17-19 अप्रैल 2023 के दौरान वाराणसी में जी20 कृषि के मुख्य वैज्ञानिकों की बैठक (एमएसीएस) में भाग लिया। उन्होंने "श्री अन्न : जलवायु लचीले पौष्टिक अनाज - महर्षि परिप्रेक्ष्य" पर अग्र लेख प्रस्तुत किया।

**डॉ. सी वी रत्नावती,** प्रधान वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने डॉ. मर्री चेन्ना रेड्डी मानव संसाधन विकास संस्थान, हैदराबाद, तेलंगाना में 27 अप्रैल 2023 को केंद्रीय सिविल सेवाओं (भारतीय सांख्यिकी सेवा और भारतीय अर्थशास्त्र सेवा) के अधिकारी प्रशिक्षार्थियों को "श्री अन्न सिंहावलोकन" पर व्याख्यान दिया।

**डॉ. सी वी रत्नावती** ने आईयूएफओएसटी के द्वारा 31 मार्च, 2023 को आयोजित श्री अन्न पर गोल मेज़ चर्चा अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया तथा भारत में उगाए जाने वाले श्री अन्न और बेहतर मानव स्वास्थ्य हेतु अभिनव खाद्य पदार्थ तैयार करने की संभावनाएं पर सिंहावलोकन प्रस्तुत किया।

**डॉ. पी राजेन्द्रकुमार,** प्रधान वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, कराईकल के द्वारा कराईकल और पुडुचेरी के कृषि विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि अधिकारियों में श्री अन्न के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 17 अप्रैल 2023 को "श्री अन्न - किसानों, उपभोक्ताओं, नवोद्यमियों तथा ग्रह के लिए स्मार्ट फसल" पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान "कृषक समुदाय की बेहतर आजीविका हेतु स्थिरता संवृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए श्री अन्न उत्पादन कार्य-नीतियों की परिप्रेक्ष्य भूमिका" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया। व्याख्यान के दौरान श्रोताओं को श्री अन्न व उनकी खेती, पोषण और स्वास्थ्य लाभ, जलवायु लचीलापन, प्रसंस्करण एवं मूल्य-वर्धन, नवोद्यमी और व्यावसायिक ऊष्मायन पर मूलभूत जानकारी प्रदान की गई।

**डॉ. एम एलांगोवन,** प्रधान वैज्ञानिक-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग, डीजीएमएमईएम कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, ममपाड, मलप्पुरम, केरल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023 के अवसर पर 29 अप्रैल 2023 को 'मिलेट्स टू कॉम्बैट क्लाइमेट एंड न्यूट्रिशनल चैलेंजेस' पर आयोजित एक वेबिनार में छात्रों को "श्री अन्न एक परिचय" पर व्याख्यान दिया।
**डॉ वी एम मलाती**, वैज्ञानिक ने भी उक्त संगोष्ठी में 'श्री अन्न के पौष्टिक-औषधीय मूल्य' पर एक व्याख्यान दिया, जिसमें विभिन्न श्री अन्न के पोषण संबंधी पहलू, पौष्टिक-औषधीय क्षमता एवं श्री अन्न के स्वास्थ्य लाभकारी गुणों के साथ-साथ पारंपरिक और समकालीन श्री अन्न आधारित खाद्य पदार्थ शामिल थे।

**डॉ. संगप्पा**, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने कृषि महाविद्यालय, त्रिपुरा द्वारा 29 अप्रैल, 2023 को "सतत कृषि के लिए जलवायु अनुकूल श्री अन्न उत्पादन तकनीक (सीआरएमपीटीएसए-2023)" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान "श्री अन्न किसान उत्पादक संगठन : भारत में श्री अन्न मूल्य शृंखला को मजबूत करने हेतु किसानों व उपभोक्ताओं के बीच कड़ी" पर मुख्य व्याख्यान दिया।
**डॉ. संगप्पा** ने इक्रिसेट, हैदराबाद के द्वारा 28 अप्रैल 2023 को "किउसं के लिए विपणन कार्यनीति" पर किसानों के लिए आयोजित संवेदीकरण कार्यक्रम में "किउसं के लिए चुनौतियां और अवसर" पर भी व्याख्यान दिया।
**डॉ. के बी आर एस विशारदा** ने बेस्ट यूनिवर्सिटी, गोनिवारीपल्ली, आंध्र प्रदेश के द्वारा 27 अप्रैल 2023 को "श्री अन्न 2023 : पोषण और स्वास्थ्य" पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में आधार व्याख्यान दिया।

### जी20 आगंतुकों के समक्ष श्री अन्न फसल के प्रत्यक्ष प्रदर्शन हेतु बुआई

हैदराबाद में 15-17 जून, 2023 के दौरान एक जी20 बैठक आयोजित की जानी है तथा भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद में जी20 प्रतिभागियों को दौरे की योजना भी है। इस संबंध में, भाश्रीअनुसं में श्री अन्न के सजीव नमूनों व उत्तम उत्पादन तकनीकों तथा अनुसंधान सुविधाओं के प्रदर्शन हेतु श्री अन्न की 10 नवीनतम किस्मों के प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। भाश्रीअनुसं अनुसंधान प्रक्षेत्र में 27 अप्रैल, 2023 को उक्त किस्मों का बुआई की गई। इसका समन्वय प्रक्षेत्र अनुभाग के सहोयग से डॉ. राजेन्द्र आर चापके, प्रधान वैज्ञानिक और डॉ. स्वर्णा रोणंकी, वैज्ञानिक के द्वारा किया जा रहा है।

### किउसं समाचार

#### विशाखापत्तनम में मिलेट फूड कोर्ट का उद्घाटन

श्री के श्रीनिवास बाबू, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 12 अप्रैल 2023 को कुर्मन्नपालेम स्टील प्लांट जंक्शन, विशाखापत्तनम में एक श्री अन्न आउटलेट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सबला से श्रीमती सरस्वती, एसवीडीएस से श्री जोगी नायडू, सुनील तथा राजेश और किउसं दल उपस्थिति थे। यह आउटलेट लाम्बासिंगी ट्राइबल प्रोडक्ट्स - किसान उत्पादक कंपनी द्वारा स्थापित किया गया और वर्तमान में विशाखापत्तनम के लोगों हेतु 30 प्रकार के श्री अन्न एवं उनके मूल्य वर्धित उत्पादों को बढ़ावा दे रहा है।

#### भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्तित किउसं में डीएमआई दौरा

श्री वी जी कृष्ण गोखले, विपणन अधिकारी, विपणन और निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई) ने 11 अप्रैल, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्तित बालानगर किउसं और शोरापुर तालुका श्री अन्न कि.उ.क.लि की प्रगति का दौरा तथा अनुवीक्षण किया। इसके अलावा श्री अनिल, विपणन अधिकारी, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई) ने 12 अप्रैल 2023 को हुलसूर महिला श्री अन्न किउसं का दौरा किया। उन्होंने किउसं के सभी अभिलेखों एवं खाता लेनदेन का सत्यापन किया तथा किउसं को बनाए रखने में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के प्रयासों की सराहना की। इसी तरह, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने 10 -12 अप्रैल 2023 को धारवाड़ तालुका किसान कि.उ.क.लि, अलनावर तालुका कि.उ.क.लि, नवलगुंड तालुका रायता मित्र कि.उ.क.लि के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक की और किउसं की भावी व्यावसायिक योजनाओं तथा श्री अन्न कार्यनीतियों पर चर्चा की।

#### तेलंगाना किउसं हेतु क्लस्टर आधारित व्यावसायिक संगठन (सीबीबीओ) की तिमाही समीक्षा बैठक

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं**,** हैदराबाद ने **18** अप्रैल **2023** को नाबार्ड**,** क्षेत्रीय कार्यालय**,** हैदराबाद में तेलंगाना किउसं की सीबीबीओ समीक्षा बैठक में भाग लिया। इस समीक्षा बैठक के दौरान**,** तेलंगाना किउसं के अगले तीन माह हेतु महत्वपूर्ण गतिविधियों को अंतिम रूप दिया गया।

#### नाबार्ड, हैदराबाद में रास्सस बैठक

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं से डॉ. संगप्पा ने सुश्री संध्या, (किउसं-नेस्ट यूनिट) के साथ 21 अप्रैल 2023 को नाबार्ड-तेलंगाना क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद में 5वीं राज्य स्तरीय सलाहकार समिति (एसएलसीसी) की समीक्षा बैठक में भाग लिया।

#### अन्य गतिविधियां

- वर्ष 2023 के दौरान 09 अप्रैल, 2023 को श्री अन्न के निःशुल्क नाश्ते के सौ दिवसीय कार्यक्रम के अवसर पर, तेलंगाना में रंगारेड्डी ज़िले के पेदगोलकोंडा गांव के किसानों में खेती हेतु कंगनी के बीज वितरित किए।

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 20 अप्रैल 2023 को लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (एसएफएसी) के किउसं प्रभाग के द्वारा सीबीबीओ के साथ पीओपी (मोबाइल ऐप) ई-नाम के पंजीकरण / लॉगिन प्रक्रिया के संबंध में आयोजित बैठक में भाग लिया। बैठक में जांच, परिवहन, छंटाई व श्रेणीकरण, कृषि आगत एवं सलाहकार सेवाओं जैसी सेवाओं के बारे में संक्षेप में जानकारी प्रदान की गई।

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 26 अप्रैल, 2023 को मैनेज, हैदराबाद द्वारा आयोजित " ई-नाम से किउसं लिंकिंग" पर एक आभासी बैठक में भाग लिया।

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने विभिन्न राज्यों के 50 किउसं सहित 28 अप्रैल, 2023 को इक्रिसेट, हैदराबाद के द्वारा आयोजित "किउसं के लिए विपणन कार्यनीतियों" पर संवेदीकरण कार्यक्रम में भाग लिया।

## समझौता ज्ञापन

सं.प्रौ.प्र.ए., भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के माध्यम से अप्रैल, 2023 के दौरान भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं में निम्नलिखित करार ज्ञापन/समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। भाश्रीअनुसं की ओर से भाश्रीअनुसं के निदेशक **डॉ. सी तारा स्त्यवती** ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए। करार ज्ञापन/समझौते के विवरण निम्नानुसार है :

| क्र.सं. | करार तिथि | लाइसेंसधारी | प्रयोजन | लाइसेंसधारक के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 11.04.23 | नेशनल कोऑपरेटिव यूनियन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली | सहकारिता में श्री अन्न सहयोगी प्रोत्साहन | डॉ. सुधीर महाजन, मुख्य कार्यकारी | संगप्पा व जे स्टेनली |
| 2. | 11.04.23 | आंध्र प्रदेश महिला अभिवृद्धि संस्था (एपीएमएएस) | श्री अन्न सहयोगी प्रोत्साहन | श्री. सी एस रेड्डी, सीईओ | जे स्टेनली तथा के श्रीनिवास बाबू |

## आभासी बैठकों / प्रशिक्षणों / कार्यशालाओं / संगोष्ठियों में सहभागिता

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम | सहभागिता | प्रकार | तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एम एलंगोवन | बाह्य सीआरपी-एबी वार्षिक समीक्षा बैठक | बैठक | 5 अप्रैल, 2023 |
| 2 | सी तारा सत्यवती | चीन, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और ब्राजील के साथ महर्षि, एमएसीएस पर द्विपक्षीय बैठक। | वेबिनार | 10 अप्रैल, 2023 |
| 3 | सी तारा सत्यवती, आर आर चापके व वी रवि कुमार | वाराणसी में जी20 एमएसीएस बैठक | बैठक | 17-19 अप्रैल 2023 |
| 4 | सी वी रत्नावती, सी अरुणा व आर मधुसूदन | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं और मैनेज, हैदराबाद के द्वारा आयोजित श्री अन्न पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार और भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं-हैदराबाद का सिंहावलोकन | वेबिनार | 28 अप्रैल, 2023 |
| 5 | सी वी रत्नावती | तेलंगाना एकेडमी ऑफ साइंसेज, हैदराबाद के द्वारा आयोजित फेलो, एसोसिएट फेलो का परिचय समारोह | बैठक | 28 अप्रैल, 2023 |
| 6 | सी वी रत्नावती | एचआईसीसी, हैदराबाद में आयोजित पहला "खाद्य सम्मेलन- कृषि-खाद्य क्षेत्र में भारत के दशक की कल्पना | बैठक | 29 अप्रैल, 2023 |
| 7 | सी वी रत्नावती | माननीय प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम की 100वीं कड़ी के अवसर पर तेलंगाना की माननीय राज्यपाल डॉ. श्रीमती तमिलिसाई सुंदरराजन के द्वारा राजभवन, हैदराबाद में आयोजित बैठक | सम्मेलन | 30 अप्रैल, 2023 |


अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष 2023

IIMR
भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research

nutri hub
Innovation | Technology | Business

INTERNATIONAL YEAR OF
MILLETS
2023

संकलन एवं संपादन
डॉ. महेश कुमार, डॉ. के वी राघवेन्द्र राव,
डॉ. जिनू जेकब तथा डॉ. वी वेंकटेश भट
फोटो, अभिकल्पना तथा रूपरेखा
एच एस गावली
प्रकाशक एवं मुख्य संपादक
निदेशक,
भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान



भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान

मुख्यालय - राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500053
दूरभाष : 040-24599300
फैक्स : 040-24599304
ई-मेल : millets.icar@nic.in
वेबसाइट : www.millets.res.in

रबी ज्वार केंद्र (भाश्रीअनुसं)
राष्ट्रीय राजमार्ग-9, बायपास, शेल्गी,
सोलापुर-413006 (महाराष्ट्र)
दूरभाष : 0217-2373456
फैक्स : 0217-2373456
ई-मेल : solapur@millets.res.in
वेबसाइट : www.millets.res.in

ज्वार गैर-मौसमी पौधशाला, वरंगल
प्रभारी अधिकारी,
भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान,
आरएआरएस (पीजेटीएसएयू) मुलुगू रोड़,
वरंगल